# 3 Verb/Modal

**जब किसी शब्द से क्रिया के होने का बोध होता है, उसे Verb ( क्रिया ) कहा जाता है।**

कोई भी वाक्य बिना Verb के अधूरा है। Verb वाक्य का एक महत्वपूर्ण part है। Verb को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है—

| VERB | | | |
|---|---|---|---|
| **Main Verbs** | | **Auxiliary Verbs** | |
| **Transitive** | **Intransitive** | **Primary** | **Modal** |

नीचे लिखे वाक्यों को देखें—

(a) I *am playing*—am (auxiliary verb), play (main verb)
(b) He *is writing*—is (auxiliary verb), write (main verb)
(c) They *are reading*—are (auxiliary verb), read (main verb)

## Main Verbs

### 1. Transitive Verbs

ऐसी Verbs जिनके साथ object प्रयुक्त हो, Transitive verbs कहलाती हैं। Transitive का अर्थ है passing over, अर्थात् जिन Verbs में action कर्ता तक ही सीमित नहीं रहकर object (किसी अन्य वस्तु) पर pass over होता है। **जैसे—**

(a) Ramesh *hits* a ball.
(b) He *rings* the bell.

यहाँ hits एवं rings, Transitive Verbs की तरह प्रयुक्त हुए हैं जिनमें action कर्ता तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि Object ball एवं bell पर pass over हुआ है।

सामान्यत: Verbs से **'क्या'** या **'किसको'** प्रश्न करने पर **यदि हमें उत्तर प्राप्त होता है तो वह Verb Transitive** है। जैसे उपरोक्त वाक्य (a) से 'क्या' प्रश्न करने पर हमें 'a ball' उत्तर मिला। अत: hits एक transitive Verb है।

### 2. Intransitive Verbs

Intransitive Verbs में action कर्ता तक ही सीमित रहता है, object पर pass over नहीं होता है। **जैसे—**

(a) He *sleeps* in the bed.
(b) Madhu *speaks* softly.

इन वाक्यों में Verbs sleeps एवं speaks, Intransitive Verbs हैं, इनमें action कर्ता एक ही सीमित रह गया है। किसी object पर pass over नहीं हुआ है। इन Verbs से 'क्या' 'किसको' प्रश्न करने पर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है।

*Important :* अधिकांश Verbs का प्रयोग Transitively एवं Intransitively दोनों प्रकार से हो सकता है।

*Read the following sentences :*

| **Verbs used Transitively** | **Verbs used Intransitively** |
|---|---|
| (a) He *speaks* the truth. | (a) Sita *speaks* slowly. |
| (b) The students *rang* the bell. | (b) The bell *rang* loudly. |
| (c) He *flies* kites. | (c) A bird *flies*. |

**Note:** (a) जब Verb का प्रयोग Transitively होता है तो इसके साथ object अवश्य आता है लेकिन जब verb का प्रयोग Intransitively होता है तो इसके साथ कोई object *नहीं आता है।*

(b) किसी भी Verb के लिए यह कहना कि यह Transitive Verb है या Intransitive Verb है, गलत है। इसकी बजाय हमें यह कहना चाहिए कि Verb का प्रयोग Transitively या Intransitively हुआ है।

# Auxiliary Verbs

Auxiliary Verbs को *Primary Auxiliary Verbs* एवं *Modal Auxiliary Verbs* में वर्गीकृत किया जाता है—

## ❧ PRIMARY AUXILIARY VERBS

Primary Auxiliary Verbs को तीन भागों में वर्गीकृत किया जाता है—

(1) **Verbs 'to be' :** Is, am, are, was, were (2) **Verbs 'to have' :** have, has, had

(3) **Verbs 'to do' :** do, does, did

## 'to be' (Is/Am/Are/Was/Were)

**Auxiliary Verb 'To be' (Is/Am/Are/Was/Were) :** Is/Am/Are, तीनों verbs का प्रयोग Present Tense में तथा was/were का प्रयोग Past Tense में होता है। Is का प्रयोग Present Tense में singular number, third person 'Subject' के साथ होता है। Am का प्रयोग केवल 'I' के साथ होता है। Are/Were का प्रयोग plural subject के साथ होता है। Was का प्रयोग past tense में singular subject के साथ होता है।

(a) He *is* a boy. (b) She *is* a girl.
(c) It *is* the sun. (d) I *am* a man.
(e) We *are* leaving now. (f) You *are* a rockstar.
(g) They *are* students. (h) He *was* going to market.
(i) She *was* watching TV. (j) It *was* I.
(k) We *were* friends. (l) You *were* going there.
(m) They *were* partners.

उपरोक्त वाक्यों में Auxiliary Verbs के साथ Noun/Pronoun का प्रयोग हुआ है।

**Auxiliary 'were' का प्रयोग एक महत्वपूर्ण sentence structure में होता है—**

**If + Subject + were + complement**

(a) If I *were* a king! यदि मैं राजा होता! *(काश मैं राजा होता!)*

(b) If I *were* young again! यदि मैं पुन: जवान हो सकता! *(काश मैं पुन: जवान हो पाता!)*

(c) If she *were* a bird! यदि वह पक्षी होती! *(काश वह पक्षी होती!)*

## 'to have' (Have/Has/Had)

Have/Has/Had का प्रयोग Present, Past एवं Perfect Continuous Tenses में विभिन्न स्थितियों में किया जाता है। Have/Has/Had के Tense में प्रयोग के अतिरिक्त अन्य use निम्न हैं—

**1.** Have/Has/Had का प्रयोग, किसी वस्तु पर मालिकाना हक, स्वामित्व (Possession, ownership) व्यक्त करने हेतु निम्न प्रकार किया जाता है। वाक्य का structure निम्न होता है।

**Subject + have/has/had + Noun**

***Or***

**Subject + have/has/had + got + Noun**

*Have/Has/Had* के साथ got का प्रयोग करने से वाक्य में उस वस्तु का महत्व बढ़ जाता है—

(a) I *have* a car. (b) I *have* got a car.
(c) He *has* a book. (d) He *has* got a book.
(e) He *had* a beautiful house.
(f) He *had* got several good opportunities when he was young.

**2.** Have/Has/Had का प्रयोग कार्य की अनिवार्यता (Urgency), करने की बाध्यता (force or compulsion of doing) को भी व्यक्त करता है। ऐसे वाक्यों का structure निम्न होता है—

**Subject + have/has/had + Infinitive**

(a) He *has* to complete this work today. उसे यह कार्य आज ही पूरा करना है। *(अनिवार्यता)*

(b) I *have* to go to Jaipur tomorrow. मुझे कल जयपुर जाना है। *(अनिवार्यता)*

(c) I *had* to sell my house. मुझे मकान बेचना पड़ा था। *(बाध्यता)*

(d) He *had* to suffer the loss. उसे नुकसान उठाना पड़ा था। *(बाध्यता)*

(e) He will *have* to come here. उसे यहाँ आना पड़ेगा। *(बाध्यता)*

(f) They will *have* to obey me. उन्हें मेरी आज्ञा माननी पड़ेगी। *(बाध्यता)*

**3.** Have been/has been का निम्न प्रकार के structure में प्रयोग देखें—

**Subject + have/has been + noun (noun with preposition)**

(a) I *have been* a professor. (b) He *has been* a banker.

उपरोक्त वाक्य यह स्पष्ट करते हैं कि भूतकाल में वह व्यक्ति एक Professor, Banker रह चुका है, लेकिन अब नहीं है।

(a) I *have been* to the USA.

इस वाक्य का अर्थ है कि मैं अमेरिका में रह चुका हूँ लेकिन अब वहाँ नहीं हूँ।

***See the difference between the following sentences :***

(a) He *has been* to the USA. (b) He *has gone* to the USA.

दूसरे वाक्य का अर्थ है कि वह अमेरिका जा चुका है या तो वहाँ पहुँच चुका है या रास्ते में है।

**4.** Verbs; *expect, hope, wish, want* etc. के साथ had का प्रयोग Past Perfect में, ऐसी Past इच्छाओं को व्यक्त करता है जो पूर्ण नहीं हुईं। **जैसे—**

(a) I *had expected* to pass Civil Services exam. *(but I didn't pass)*

(b) I *had hoped* to meet her in the party. *(but I didn't meet her)*

**5.** Have/Had के साथ had का प्रयोग देखने को मिलता है। **जैसे—**

(a) I *have had* my lunch

(b) He *has had* his breakfast.

(c) She *had had* her breakfast earlier.

(d) He would *have had* his lunch by now.

उपरोक्त वाक्यों में पहले have या had का प्रयोग Present Perfect के अनुसार होता है तथा दूसरे had का प्रयोग Verb की III form (जो present/past perfect में लगानी आवश्यक है) की तरह (have = taken के लिए) हुआ है।

**6.** Have का प्रयोग सामान्यत: continuous form में नहीं किया जाता है। लेकिन यदि have का अर्थ, experience या enjoy या take से हो तो इसका प्रयोग निम्न प्रकार किया जाता है—

(a) They are *having* a party.

(b) I am *having* a difficult time these days.

(c) She is *having* a nice time with her husband.

**7.** Use of **had better :** *'Had better'* का प्रयोग सलाह देने के सन्दर्भ में होता है। इसके बाद Infinitive (to + $V_1$) without 'to' का प्रयोग होता है। Negative sentences में not का प्रयोग had better के बाद होता है।

निम्न वाक्यों को देखें—

(a) I *had better* talk to him at once. *(This would be a good thing to do OR the best thing to do)*

(b) You *had better* not miss the train. *(It would be unwise to miss the train)*

**Note:** ध्यान देने योग्य बिन्दु यह है कि 'not' का प्रयोग यहाँ better के बाद हुआ है।

(c) You *had better* go. *(It would be best for you to go. OR I advise you to go)*

## 'to do' (Do/Does/Did)

**1.** Do/does/did का प्रयोग negative एवं interrogative वाक्यों में Present एवं Past Tense में सामान्यत: किया जाता है। **जैसे—**

(a) I *do* not want to live on false promises.

(b) *Do* I want to live on false promises?

(c) He *does* not like politics. (d) *Does* he like politics?

(e) I *did* not go to gym yesterday. (f) *Did* you go to gym yesterday?

**2.** Do/does/did का प्रयोग affirmative वाक्यों में निम्न स्थितियों को व्यक्त करता है— **जैसे—**

(a) I *do go* to her. मैं उसके पास जाता तो हूँ।

(b) She *does come* here. वह यहाँ आती तो है।

(c) He *did come* yesterday. — वह यहाँ कल आया तो था।

(d) He *does read.* — वह पढ़ता तो है।

(e) He *does learn* his lessons well. — वह अपने पाठ याद करता तो है।

(f) She *does take* medicines daily. — वह रोजाना दवाएँ लेती तो है।

(g) She *did take* medicines daily. — वह रोजाना दवाएँ लेती तो थी।

**3.** निम्न वाक्यों में do/does/did का प्रयोग emphasis हेतु किया जाता है। देखें—

| | |
|---|---|
| (a) Have a cup of tea. | *Do have* a cup of tea. |
| (b) Have a seat, please. | *Do have* a seat, please. |
| (c) Write to me. | *Do write* to me. |

उपरोक्त वाक्यों में Do का प्रयोग वाक्यों को Interrogative नहीं बनाता है, बल्कि यह वक्ता की **अधिक विनम्रता, आग्रहयुक्त विनम्रता प्रदर्शित करता है।**

## MODAL AUXILIARY VERBS

Modals, Auxiliary Verbs होती हैं। **ये Verb के mood ( अवस्था, भाव ) को व्यक्त करती हैं।** चूँकि ये verb के भाव, क्रियाविधि को व्यक्त करते हैं अत: इन्हें Modals कहा जाता है। विशेषताएँ—

**1.** इनका प्रयोग एक **helping verb की तरह** मुख्य क्रिया के साथ होता है।

**2.** Modals पर कर्ता के Number, singular या plural होने, या कर्ता के person (I, II, III, person) का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। **जैसे—**

(a) I *can* do it. (b) They *can* do it.

(c) He *can* do it. (d) You *can* do it.

कर्ता चाहे singular है या plural, first person है या second or third person, modal *can* का रूप अपरिवर्तित रहता है जबकि अन्य helping verb (is, azm, are, etc.) कर्ता के number एवं person के अनुसार अलग-अलग लगता है।

**3.** Modals के साथ **हमेशा verb की first form** लगती है।

**4.** Ought एवं Used के बाद 'to' का प्रयोग आवश्यक है।

**5.** कुछ modals जैसे need, dare, used का प्रयोग main verbs की तरह भी हो सकता है। अत: उन्हें **Marginal Modals** या **Semi-Modals** कहा जाता है।

## Use of Modals

### May/Might

May का प्रयोग निम्न अवस्था हेतु किया जा सकता है—

**1.** अनुमति (permission) माँगने एवं अनुमति देने के लिए। **जैसे—**

(a) *May* I go now? — *Permission माँगना*

(b) Yes, you *may*. — *Permission देना*

**2.** May का प्रयोग Informal request हेतु किया जाता है। **जैसे—**

(a) *May* I have the salt, please? (b) *May* I borrow your pen?

**3.** May का प्रयोग किसी घटना के घटित होने की अनिश्चितता, सम्भावना को व्यक्त करता है एवं Might का प्रयोग एक Remote possibility को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) The sky is cloudy, it *may* rain today. — *Possibility*

(b) The sky is not cloudy but a change in weather is always possible, it *might* rain today. — *Remote Possibility*

(c) He has purchased hundred tickets of lottery, he *may* win a prize. — *Possibility*

(d) He *might* win the first prize. — *Remote possibility*

इस तरह may का प्रयोग संभावना तथा might का प्रयोग दूरस्थ संभावना (Remote possibility) व्यक्त करता है।

**4.** May का प्रयोग good wishes, desires हेतु किया जाता है। **जैसे—**

(a) *May* God bless you! (b) *May* you live long!

**5.** Purpose व्यक्त करने के लिए भी may/might को प्रयोग किया जा सकता है। **जैसे—**

(a) We eat so that we *may* live.

(b) He works hard so that he *may* earn good livelihood.

## Might

**1.** Might का request हेतु प्रयोग more politeness व्यक्त करता है। यह वक्ता की hesitation, आत्मविश्वास की कमी, एवं request के स्वीकार न होने की स्थिति को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) *Might* I borrow your diamond necklace? (b) *Might* I talk to the P.M.?

(c) *Might* I borrow your car?

**2.** Might, may का past tense भी है। हालांकि Might का प्रयोग Present Tense में भी हो सकता है। Direct से Indirect Narration में परिवर्तन करते समय may को might में बदला जाता है। **जैसे—**

(a) He asked if he *might* come in.

(b) He said, "It *may* rain today". *Direct Narration*
He said that it *might* rain that day. *Indirect Narration*

(c) *Might* I borrow your sofa set?

**3.** May एवं might का Perfect Tense में प्रयोग—

(a) He *may* have been wounded. *(We do not know so far, but he is perhaps injured, possibility exists)*

(b) He has not arrived so far. He *may* have taken a wrong way. *(We don't know the actual position, but as he has not arrived so far, so the possibility is that he may have taken a wrong way)*

(c) He *might* have been wounded. *[that was a possibility in the past. (but he was not wounded)]* इसका अर्थ है कि वह घायल हो सकता था।

(d) You *might* have invited me to your wedding. *(but you didn't invite)*

(e) She *might* have come, if we asked her. *(but we didn't ask her)*

Perfect Tense में may का प्रयोग, वर्तमान में एक सम्भावना को व्यक्त करता है जबकि might का प्रयोग Past में किसी घटना के घटित होने की सम्भावना (जो वास्तव में घटित नहीं हुई) को बताता है।

## Can

Can का प्रयोग शारीरिक क्षमता (Physical capacity), योग्यता (Capability) मानसिक एवं ज्ञान के कारण योग्यता (Mental ability) को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) I *can* solve this puzzle. (b) *Can* you lift this suitcase?

(c) He *can* read without glasses. (d) *Can* you speak French?

## May and Can

**1.** Permission हेतु may एवं can का प्रयोग First Person के साथ निम्न प्रकार होता है—

(a) I *can* meet the Chairman whenever I want.
*(It means I have already been granted permission)*

(b) I *can* purchase stationery items whenever I need.
*(It means I have already been given authority)*

यद्यपि इस तरह के वाक्यों में may का भी प्रयोग किया जा सकता है। **जैसे—**

(c) I *may* purchase stationery items whenever I need.

(d) I *may* meet Chairman whenever I want.

लेकिन ऐसे वाक्यों में may की अपेक्षा can का प्रयोग अधिक प्रचलित है।

**2.** Second Person के साथ may का प्रयोग तब किया जाता है जब वक्ता (speaker) द्वारा अनुमति दी गई हो। **जैसे—**

(a) You *may* park your vehicle here.

(इसका अर्थ हुआ कि *I give you permission to park your vehicle here. It does not means that you have authority to park your vehicle here)*

Can का प्रयोग Second Person के साथ उसकी authority को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(b) You can park your vehicle here. *(You have the authority to park your vehicle here)*

Can का इस तरह प्रयोग, I allow you/the police allow you/you have an authority or a right to park your vehicle here के अर्थ में होता है।

इसी तरह You can take rest in the library room.

इसका अर्थ हुआ *You have the authority/A competent authority has allowed you.*

**3.** Third Person के साथ may का प्रयोग Speaker द्वारा दी गई permission को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) He *may* take my umbrella.

(b) He *may* take my scooter.

ऐसे वाक्यों में Can का प्रयोग भी किया जा सकता है।

(c) He *can* take my umbrella.

(d) He *can* take my scooter.

यहाँ Can subject की authority व्यक्त कर रहा है, अर्थात् उसे umbrella या scooter हेतु कोई formal permission की आवश्यकता नहीं है। Relation इतने informal एवं close हैं।

***Difference Between 'May Not' and 'Cannot'***

May not का प्रयोग Improbability (सम्भावना नहीं, लेकिन है भी) को व्यक्त करता है, जबकि cannot का प्रयोग असम्भवता (Impossibility) को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) The news *may not* be true. *(may or may not be true)*

(b) The news *cannot* be true. *(There is no possibility of its coming out to be true.)*

(c) You *may* go from A to B, by changing train at C or you may go by way of D, but you *cannot* go direct. *(As there is no direct route from A to B).*

(d) You *cannot* go there by water. *(As there is no water route.)*

## Can/Could

**1.** Can एवं Could दोनों का प्रयोग Request हेतु किया जा सकता है। Could से more politeness जाहिर होती है। **जैसे—**

(a) *Can* you give me your umbrella?

(b) *Could* you lend me your sofa set?

(c) *Could* you please send me an application form?
*Could you is a very good way of introducing a request. It is an alternative to would you. And a little more polite.*

**2.** Could का प्रयोग past ability को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) When I was young, I *could* climb any tree.

(b) When Ram was young, he *could* swim across this river.

**3.** Could का प्रयोग वर्तमान में आवश्यकता (necessity), क्षमता (ability) के सन्दर्भ में निम्न प्रकार किया जाता है—

(a) *Could* you run the business by yourself? *(If it becomes necessary)*

(b) *Could* you get another job? *(If you are terminated from here)*

**4.** Could का प्रयोग Present Perfect में ऐसी past possibility को व्यक्त करता है जो पूर्ण नहीं हुई। **जैसे—**

(a) He *could have* caught the train, if he had hurried. *(But he didn't catch the train)*

(b) He *could have* done it without much problem. *(But he didn't do it)*

(c) He *could have* sent a message. *(But he didn't send)*

**5.** Can के Past Tense के रूप में could का प्रयोग होता है। **जैसे—**

(a) Ramesh told me that he *could* lend me his umbrella.

(b) I did all that I *could*.

**6.** काल्पनिक (Unreal) conditions में could का प्रयोग निम्न प्रकार होता है—

(a) If I had more space, I *could* build my own garden.

(b) If I had wings, I *could* fly to Himalayas.

## Shall

**1.** Shall का प्रयोग I person के साथ एक सामान्य future action को व्यक्त करता है। II एवं III person के साथ shall का प्रयोग promise, determination, threat, warning को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) I *shall* go to market tomorrow. *Future action*
(b) He *shall* pay you on Monday. *Promise*
(c) He *shall* work hard to achieve success. *Determination*
(d) Anyone found involved *shall* be punished. *Warning, threat*
(e) You *shall* be transferred if you don't work properly. *Warning, threat*
(f) We *shall* play hockey. *Future action*

**2.** II एवं III person के साथ shall का प्रयोग compulsion, binding, एक force व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) You *shall* go to meet him tomorrow. *(You are instructed to go and meet him)*
(b) She *shall* complete her work by tomorrow. *(She has to complete her work by tomorrow)*

**3.** 'Shall not' का II एवं III person के साथ प्रयोग prohibition (निषेध) को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) You *shall not* meet him.
(b) Nobody *shall* write on the table.
(c) She *shall not* attend the night party.

**4.** Shall का I person के साथ एक प्रश्न के रूप में प्रयोग, दूसरे की इच्छा जानने हेतु या अपनी सेवाएँ देने हेतु किया जाता है। **जैसे—**

(a) *Shall* I open the door?
(b) *Shall* I carry this box into the room for you?
(c) *Shall* I thread the needle for you?
(d) *Shall* I assist you?

**5.** Shall का III person के साथ प्रयोग या एक Noun के साथ प्रयोग दूसरे की इच्छानुसार कार्य करने को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) *Shall* Rahim wait for you? *(Do you want him to wait for you?)*
(b) *Shall* the messenger wait outside? *(Do you want the messenger to wait outside?)*

## Will

**1.** Will का प्रयोग II and III person के साथ सामान्य future action को बताता है, जबकि I person के साथ will का प्रयोग threat, warning, promise, determination को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) He *will* go tomorrow.
(b) You *will* work here.
(c) I *will* see you. *Threat, warning*
(d) I *will* pay you on Monday. *Promise*
(e) I *will* achieve my goal. *Determination*
(f) I *will* never speak to him. *Determination*

**2.** Will का प्रयोग प्रश्न के रूप में formal request को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) *Will* you close the door?
(b) *Will* you bring me a glass of water?

**3.** 'Will' का प्रयोग सभी person के साथ सम्भावना (Probability) व्यक्त करता है। Will not (won't) का प्रयोग refusal (इंकार) को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) He *will* be in the park.
(b) He *will* not bring me a glass of water?

## Should

**1.** Should का प्रयोग Duty(कर्त्तव्य), Responsibility (जिम्मेदारी), Advice (सलाह), Probability (सम्भावना), Expectation (आशा), Presumption (पूर्व अनुमान), Moral obligation (नैतिक दायित्व) तथा Mild Command (नम्र आदेश) व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) One *should* obey one's elders. *Duty*
(b) You *should* obey your parents. *Moral obligation*

(c) The rich *should* help the poor. *Expectation*
(d) You *should* work hard. *Advice*
(e) You *should* find her in the play-ground. *Probability*
(f) You *should* take care of your health. *Advice*
(g) You *should* take care of your belongings. *Responsibility*
(h) You *should* complete your work everyday. *Mild command*
(i) He *should* be reading now. *Probability*
(j) He *should* be worried about me. *Presumption*
(k) They *should* be anxious about us. *Presumption*

**2.** Conditional sentences में *lest* के साथ हमेशा *should* का प्रयोग किया जाता है। यह एक Important use है। **जैसे—**

(a) Move fast *lest* you *should* miss the bus. *जल्दी चलो कहीं तुम्हारी बस न छूट जाये।*

(b) Work hard *lest* you *should* fail. *मेहनत करो, कहीं ऐसा न हो कि तुम फेल हो जाओ।*

**Lest का अर्थ 'कही ऐसा न हो कि' होता है।**

**3.** Should का Perfect Tense में प्रयोग इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि जो कार्य जिस रूप में किया जाना चाहिये था, वह नहीं किया गया। **जैसे—**

(a) He *should have* gone by morning bus. *(but he didn't go)*
(b) She *should have* informed me about the incident. *(but she didn't inform me)*
(c) Rakesh *should have* submitted the bills. *(but he didn't submit)*

## Would

**1.** Would का प्रयोग will की अपेक्षा अधिक polite request को बताता है। Request हेतु will की अपेक्षा would का प्रयोग अधिक मान्य है। Would का प्रयोग दूसरे की इच्छा (willingness) जानने हेतु भी किया जाता है। **जैसे—**

(a) *Would* you accompany me to the railway station? *Polite request*
(b) *Would* you send me an application form? *Polite request*
(c) *Would* you sing at the concert tomorrow? *Willingness query*

**2.** Would का प्रयोग likelihood, presumption एवं probability को भी व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) He *would* be in the field. *Likelihood*
(b) She *would* be in the club at this time. *Probability*
(c) She *would* be cooking now. *Likelihood*
(d) She *would* be about 80 now. *Presumption*

**3.** Rather के साथ *would* का प्रयोग preference (प्राथमिकता) को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) I *would rather* rest now.
(b) I *would rather* study than see a movie.
(c) I *would rather* play than rest now.

**4.** '*Wish*' के साथ 'will' का प्रयोग नहीं किया जाता है। Wish के साथ would का प्रयोग strong desire/ willingness को स्पष्ट करता है। **जैसे—**

(a) I *wish* you *would* fight the forthcoming elections.

(b) I *wish* you *would* support her fully.

(c) I *wish* you *would* agree to this proposal.

**5.** Unreal (काल्पनिक) परिस्थितियों को व्यक्त करने हेतु भी would का प्रयोग *conditional sentences* में किया जाता है। **जैसे—**

(a) If I had one crore rupees, I *would* donate fifty lakh to the trust.
(b) If I had wings, I *would* fly to Europe.
(c) If I were the king, I *would* make you my chief adviser.
(d) If a tiger came into the room, what *would* you do?

**6.** Conditional sentences में Past Perfect के sentences में would का प्रयोग किसी कार्य के past में न होने को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) If he had come to me, I *would have* given him a job. *(He didn't come)*
यदि वह मेरे पास आता तो मैं उसे नौकरी दे देता।

(b) If she had asked me, I *would have* helped her. *(But she didn't ask me)*
यदि वह मुझे कहती तो मैं उसकी सहायता करता।

**7.** Would, 'will' का past है, Direct से Indirect Narration में परिवर्तन करते समय Reporting Verb past में होने पर will को would में बदलते हैं। **जैसे—**

(a) He told me that he *would* go to Jaipur the next day.
(b) He told me that she *would* not agree to the proposal.

**Note:** ***Should, could, would, might* का प्रयोग *Past Tense* एवं *Present Tense* दोनों में** किया जाता है, लेकिन ***shall, will, may, can* का प्रयोग *Past Tense* में नहीं** किया जाता है।

## Must

Must का प्रयोग present time एवं future time दोनों प्रकार के action हेतु किया जा सकता है। Must का कोई Past Tense नहीं होता है। Reported Speech में Direct से Indirect परिवर्तन करते समय कई स्थितियों में इसे *'had to'* में भी परिवर्तित किया जाता है। **जैसे—**

**1.** Must का प्रयोग command, compulsion, order (निर्देश, दबाव, आदेश) का भाव दर्शाता है। **जैसे—**

(a) Soldiers *must* obey orders without any question. *Command*
(b) All the girls *must* attend the function. *Compulsion*
(c) You *must* do as you are told. *Order*

**2.** Must से moral duty/obligation भी व्यक्त होता है। **जैसे—**

(a) We *must* respect our elders.
(b) You *must* help your friends in need.

**3.** Must से necessity, urgency, circumstantial compulsion (जरूरत, आवश्यकता, परिस्थिति दबाव) भी व्यक्त होता है। **जैसे—**

(a) I *must* leave now otherwise I may miss the train.
(b) The electricity will be cut off at 9 PM, so I *must* complete my work before.

**4.** *'Must not'* का प्रयोग prohibition, emphatic advice (निषेध एवं दबाव मुक्त सलाह) हेतु भी किया जाता है। **जैसे—**

(a) Students *must not* resort to copying. *Prohibition*
(b) You *must not* miss the classes. *Emphatic advice*
(c) You *must not* talk to that fellow. *Prohibition*
(d) Visitors *must not* feed the animals. *Prohibition*

**5.** Must से strong probability/likelihood भी व्यक्त किया जाता है। **जैसे—**

(a) She *must* be eighty now.
(b) They have not arrived so far. They *must* have taken a wrong turn.

**6.** कोई भी प्रश्न Must से तभी शुरू किया जा सकता है जब उसका उत्तर affirmative में हो। लेकिन यदि Answer Negative में दिया जाये तो Needn't का प्रयोग करना चाहिये। **जैसे—**

(a) *Must* I attend the meeting? (b) Must I raise the issue in the board meeting?
Yes, you *must*. Yes, you *must*.
No, you *needn't*. No, you *need* not.

**7.** Must का Perfect Tense में प्रयोग भूतकाल में किसी कार्य के होने की प्रबल संम्भावना को व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) He *must have* passed the test in the first attempt.
(b) They *must have* reached there in time.

## Need

Need का प्रयोग Ordinary Verb एवं Modal Auxiliary Verb दोनों की तरह किया जा सकता है। इसलिए इसे ***Semi-Modal* या *Marginal Modal*** कहा जाता है। **जैसे—**

**1.** Modal के रूप में need का प्रयोग सामान्यत: Interrogative एवं Negative वाक्यों में किया जाता है। 'Need not' के बाद हमेशा Infinitive without 'to' का प्रयोग किया जाता है। **जैसे—**

(a) He *need not* talk to her. (b) *Need* he talk to her?
(c) You *needn't* wear a tie. (d) *Need* I wear a tie?

**Note:** ***Need not*** के बाद हमेशा ***Infinitive without 'to'*** का प्रयोग होता है।

**2.** Perfect Tense में needn't का प्रयोग ऐसे कार्य को व्यक्त करता है जो वास्तव में नहीं किया जाना ही उचित था। Needn't का अर्थ होता है 'आवश्यक नहीं होना' या 'जरूरत नहीं होना'। **जैसे—**

(a) He *needn't have* written such a detailed essay. *(The essay was to be written in 300 words only)*
(b) You *needn't have*bought such a costly gift. *(waste of money)*
(c) You *needn't* have written to him, as he phoned me shortly. *(but you had written, thus wasting of time)*
(d) They *needn't* have left home at 800 hours, the train doesn't arrive till 1000 hours. *(So they will have two hours to wait)*

**3.** जब need से कोई प्रश्न शुरू किया जाता है एवं उसका Answer यदि Affirmative में है तो must का प्रयोग किया जाना चाहिये। Negative में Answer हेतु needn't का प्रयोग होता है। **जैसे—**

*Need* I go there? Yes, you *must*. No, you *needn't.*

## Used to

यह भी एक **Marginal or Semi Modal** है। Used to का Negative form used not to होता है। Used to के negative हेतु didn't use to का भी प्रयोग किया जाता है। इस तरह used to को Interrogative में प्रयोग करते समय Used को **Did + subject + used to + verb** की तरह भी प्रयोग किया जा सकता है।

**1.** Used to का प्रयोग व्यक्त करता है कि भूतकाल में कोई कार्य आदतन किया जाता था। लेकिन अब नहीं किया जाता है। **जैसे—**

(a) When Ajay was young, he *used to* climb trees. *(Now he doesn't )*
(b) He *used to* go for a walk. *(Now he doesn't )*

**2.** Used to का वर्तमान में अभ्यस्त (accustomed) के सन्दर्भ में प्रयोग निम्न प्रकार किया जाता है—

(a) I am *used to* taking tea in the morning.
मैं सुबह चाय पीने का अभ्यस्त हूँ।
(b) He is *used to* reading newspaper with morning tea.
वह सुबह चाय के साथ अखबार पढ़ने का आदी है।
(c) He would soon get *used to* living in a big city.
(d) I can study with the TV on. I am *used to* it.

## Dare

Dare का अर्थ होता है, 'दुस्साहस करना', 'चुनौती देना'। Dare का प्रयोग Principal Verb एवं Modal Verb दोनों प्रकार से होता है इसलिए dare को भी **Marginal modal or Semi modal** कहा जाता है।

**1.** Dare का modal की तरह प्रयोग सामान्यत: Negative एवं Interrogative sentences में होता है। जब इसका modal की तरह प्रयोग होता है तो इसके साथ 'to' का प्रयोग नहीं होता है। **जैसे—**

(a) He *dare* not say like this. (b) I *dare* not talk to the Chairman.
(c) *Dare* he not say like this? (d) *Dare* I talk to the Chairman?
(e) He *dare* not oppose you. (f) *Dare* he oppose you?
(g) *Dare* she complain against you? (h) She *dare* not complain against you.

**2.** How के साथ dare का प्रयोग वक्ता का आश्चर्य, गुस्सा एवं सदमा (surprise, anger or shock) व्यक्त करता है। **जैसे—**

(a) *How dare* you speak like this? (b) *How dare* you act in this manner?
(c) *How dare* he say so?

**3.** Nobody, Anybody एवं Somebody etc. के साथ जब dare का प्रयोग modal की तरह किया जाता है, तो इसके साथ 'to' का प्रयोग किया भी जा सकता है एवं नहीं भी किया जा सकता है। **जैसे—**

(a) Nobody *dare to* comment like that.
(b) Nobody *dare* comment like that.
(c) Somebody *dare* complain in the matter.
(d) Somebody *dare to* complain in the matter.

**4.** *Daresay* का अर्थ होता है : शायद, सम्भवतया (perhaps, it is expected, I expect). Daresay का प्रयोग I Person के साथ ही किया जाता है। **जैसे—**

(a) I *daresay* we will soon finish the fossil fuels.
(b) I *daresay* she may agree.
(c) I *dare say* it will rain.
(d) I *dare say* they will be happy to get this.

Daresay को साथ-साथ एवं अलग-अलग *(dare say)* दोनों प्रकार से लिखा जा सकता है।

**5.** Dare का प्रयोग जब Principal Verb की तरह किया जाता है तो इसके साथ 'to' का प्रयोग किया जाता है। Singular number, third person : subject के साथ 's' लगाया जाता है एवं Do, Does का प्रयोग Negative एवं Interrogative वाक्यों में किया जाता है। **जैसे—**

